# राजकीय इण्टर कॉलेज प्रवक्ता परीक्षा 2017

## नागरिक शास्त्र

### व्याख्यात्मक प्रश्न पत्र

(परीक्षा तिथि : 23.09.2018)

**1. 1946 में भारत में अन्तरिम सरकार का मुखिया कौन था-**

(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) महात्मा गांधी
(c) सी. राजगोपालचारी (d) जवाहरलाल नेहरू

**Ans. (d) :** कैबिनेट मिशन योजना के तहत 24 अगस्त 1946 ई. को प्रथम अन्तरिम सरकार की घोषणा की गयी थी। 2 सितम्बर 1946 ई. को अन्तरिम सरकार का मुखिया पण्डित जवाहर लाल नेहरू को चुना गया। 26 अक्टूबर 1946 ई. को मुस्लिम लीग भी अन्तरिम सरकार में शामिल हो गयी। इसमें लीग के पांच सदस्यों को शामिल किया गया।

**2. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निम्न में कौन शब्द प्रयुक्त नहीं हुआ है-**

(a) उदारवादी (b) पंथनिरपेक्ष
(c) संप्रभु (d) लोकतान्त्रिक

**Ans. (a) :** भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उदारवादी शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है। संविधान की प्रस्तावना भारत को एक सम्प्रभुता सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करती है। भारत का संविधान एक लिखित संविधान है यह विश्व का सबसे बड़ा संविधान है।

**3. किस संविधान संशोधन ने मतदाता की आयु 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष कर दी**

(a) 52 वा संशोधन (b) 60 वा संशोधन
(c) 61 वा संशोधन (d) 62 वा संशोधन

**Ans. (c) :** 61वॉं संविधान संशोधन 1989 द्वारा अनुच्छेद 326 में संशोधन करके लोकसभा तथा राज्य विधानसभा के चुनाव में मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष कर दिया गया। इस समय भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे।

**4. भारत के संविधान में किस संशोधन द्वारा मौलिक कर्तव्यों का समावेश किया गया-**

(a) 40 संशोधन (b) 42 संशोधन
(c) 44 संशोधन (d) 45 संशोधन

**Ans. (b) :** मौलिक कर्तव्य का आशय ऐसे मूल कर्तव्य से होता है जिसके अंतर्गत इस बात का उल्लेख रहता है कि एक नागरिक का अपने राज्य/देश के प्रति क्या दायित्व है।

भारतीय संविधान में उल्लिखित मौलिक कर्तव्य की प्रकृति स्वैच्छिक है, बाध्यकारी नहीं है।

मूल भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्य का प्रावधान नहीं था। इसे 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम 1976 के द्वारा स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश के आधार भारतीय संविधान में जोड़ा गया। इसे पूर्व सोवियत संघ के संविधान से लिया गया।

42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम-1976 के द्वारा भारतीय संविधान में एक नया भाग (भाग-4A) और एक नया अनुच्छेद (अनुच्छेद-51A) जोड़ा गया। भारतीय संविधान के भाग-4A के अनुच्छेद-51A में मौलिक कर्तव्य का उल्लेख किया गया है। 1976 में जब इसे भारतीय संविधान में जोड़ा गया, उस समय इनकी संख्या 10 थी, किन्तु अब ग्यारह (11) है। 11वॉं मौलिक कर्तव्य 86वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम 2002 के द्वारा जोड़ा गया।

**5. कैबिनेट मिशन भारत कब आया-**

(a) 20 अप्रैल 1945 (b) 24 मार्च 1946
(c) 26 मार्च 1946 (d) उपरोक्त में कोई नही

**Ans. (b) :** कैबिनेट मिशन अपने तीन सदस्यों के साथ 24 मार्च 1946 ई. को भारत पहुँचा। जिसके सदस्य पैथिक लारेंस, स्टेफोडर्ड क्रिप्स तथा ए. वी. एलेक्जेण्डर थे। लार्ड पैथिक लारेंस को कैबिनेट मिशन का अध्यक्ष बनाया गया था। 16 मई 1946 ई. को मिशन ने भारत में तत्काल एक अन्तरिम सरकार की स्थापना का प्रस्ताव रखा।

**6. भारत में मौलिक अधिकारों का संरक्षक कौन है-**

(a) न्यायपालिका (b) कार्यपालिका
(c) संसद (d) संविधान

**Ans. (a) :** भारत में मौलिक अधिकारों का संरक्षक न्यायपालिका है। अनु. 32 के अन्तर्गत सर्वोच्च न्यायालय को यह अधिकार दिया गया है कि वह मूल अधिकारों को लागू करवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करे और न्यायालय मूल अधिकारों की रक्षा के लिए बन्दी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश प्रतिषेध, अधिकार पृच्छा और उत्प्रेषण के लेख जारी कर सकता है। इसी प्रकार उच्च न्यायालयों को भी अनुच्छेद 226 के अंतर्गत 5 प्रकार की रिटे (बन्दी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार पृच्छा और उत्प्रेषण) जारी करने का अधिकार है।

**7. केन्द्र शासित क्षेत्रों को लोकसभा में कितनी सीटें आबंटित है-**

(a) 30 (b) 27
(c) 25 (d) 20

**Ans. (d) :** गोवा, दमन और दीव पुनर्गठन अधिनियम 1987 के द्वारा लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या 552 निर्धारित की गयी, जिसमें 530 सदस्य राज्यों से, 20 सदस्य केन्द्रशासित प्रदेशों से तथा 2 मनोनीत सदस्य होते हैं। किन्तु अभी भी केन्द्रशासित प्रदेशों से 13 लोकसभा सदस्य ही चुने जाते हैं जो उनकी निर्धारित संख्या से 7 कम है। इसीलिए लोकसभा में मौजूदा सांसदों की संख्या 545 ही है। 104वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम - 2020 के द्वारा लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एंग्लों इण्डियन समुदाय के सदस्यों के मनोनयन की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। लोकसभा में 131 स्थान आरक्षित हैं इसमें 84 स्थान अनुसूचित जातियों के लिए और 47 स्थान अनुसूचित जनजातियों के लिए।

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

8. **कौनसा अधिकार संविधान के अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत लागू आपातकाल के दौरान भी छीनी नही जा सकती-**
(a) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
(b) भ्रमण की स्वतन्त्रता का अधिकार
(c) जीवन का अधिकार
(d) संगठित होने का अधिकार

**Ans. (c) :** संविधान के अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत लागू आपातकाल के दौरान जीवन के अधिकार को नहीं छीना जा सकता है। 42वाँ सविधान संशोधन-1976 के द्वारा अनुच्छेद 352 को सम्पूर्ण भारत या किसी भाग में लागू किया जा सकता है। वर्तमान में मूल अधिकारों की संख्या छः है।

9. **उत्तर प्रदेश विधान सभा की निर्वाचित सदस्य संख्या कितनी है-**
(a) 400 (b) 402
(c) 403 (d) 404

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश में विधान सभा की निर्वाचित सदस्य संख्या 403 हैं। जो कि पूरे भारत में विधान सभा की सबसे अधिक सीटें हैं। उत्तर प्रदेश में लोक सभा की भी सबसे अधिक सीटें 80 है एवं राज्य सभा की भी सबसे अधिक सीटें 31 हैं। उ.प्र. में विधान परिषद की सीटे 100 है।

10. **भारत में संप्रभुता कहाँ निवास करती है-**
(a) संविधान (b) सरकार
(c) राष्ट्रपति (d) जनता

**Ans. (d) :** उद्देशिका का आरंभ 'हम भारत के लोग' शब्द से हुई है। इसका तात्पर्य यह है कि संविधान का मूल स्रोत भारत की जनता है। भारत की जनता ही समस्त शक्तियों का केन्द्र बिन्दु है, संविधान द्वारा प्रदत्त सम्प्रभुता जनता में निहित है, तथा भारतीय संविधान उसकी इच्छा का परिणाम है।

11. **निम्न में कौन भारतीय संघ में नये राज्यों को प्रवेश देने को अधिकृत है-**
(a) राष्ट्रपति (b) उप-राष्ट्रपति
(c) सर्वोच्च न्यायालय (d) संसद

**Ans. (d) :** संविधान के अनुच्छेद 2 में यह प्रावधान है कि संसद को संघ में नये राज्यों का प्रवेश या स्थापना करने के लिए विधि बनाने का अधिकार है। अनु. 3 के अनुसार संसद साधारण बहुमत से किसी नये राज्य का गठन तथा किसी वर्तमान राज्य के क्षेत्र सीमा या नाम में परिवर्तन कर सकता है।

12. **भारतीय संविधान में राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों को किस देश से लिया गया है-**
(a) फ्रांस (b) कनाडा
(c) जापान (d) आयरलैंड

**Ans. (d) :** भारतीय संविधान में राज्य के नीति-निर्देशक तत्व को आयरलैण्ड से लिया गया है। भारतीय संविधान के भाग 4 में अनु. 36 से लेकर अनु. 51 तक इसका उल्लेख किया गया है। नीति-निर्देशक तत्व न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है फिर भी कानून बनाते समय इन तत्वों का प्रयोग करना राज्य का कर्तव्य होगा।

13. **संविधान सभा का विधिक सलाहकार कौन था-**
(a) सच्चिदानन्द सिन्हा (b) के. एम. मुंशी
(c) बी. एन. रॉव (d) टी. टी. कृष्णमाचारी

**Ans. (c) :** संविधान सभा के विधिक सलाहकार बी.एन. राव थे। बी. एन. राव ने अक्टूबर 1947 ई. में संविधान का प्रथम प्रारूप तैयार किया। जिसमें कुल 243 अनुच्छेद और 13 अनुसूचियाँ थी। इसके मूल पाठ पर विचार करने के लिए डा. भीमराव अम्बेडकर की अध्यक्षता में एक सात सदस्यीय प्रारूप समिति का गठन किया गया।

14. **भारतीय संसद के संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कौन करता है-**
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमन्त्री
(c) राज्यसभा का सभापति (d) लोकसभा का अध्यक्ष

**Ans. (d) :** भारतीय संसद के लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष करता है और सदन की कार्यवाही का संचालन करता है। संयुक्त बैठक का उल्लेख अनुच्छेद 108 में किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष पक्ष-विपक्ष के बराबर मत होने पर निर्णायक मत भी देता है।

15. **जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत उद्देश्य प्रस्ताव को संविधान सभा ने कब पारित किया-**
(a) 26 जनवरी, 1947 (b) 22 जनवरी, 1947
(c) 9 दिसम्बर, 1946 (d) 15 अगस्त, 1947

**Ans. (b) :** जवाहर लाल नेहरू द्वारा संविधान सभा की कार्यवाही 13 दिसम्बर 1946 ई. को प्रस्तुत उद्देश्य के साथ प्रारंभ हुई। उद्देश्य प्रस्ताव को 22 जनवरी 1947 ई. को स्वीकृति मिली। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि भारत एक पूर्णतया स्वतन्त्र एवं सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न गणराज्य होगा।

16. **'फेडरल गवर्नमेण्ट' की रचना किसने की-**
(a) के. सी. व्हीयर (b) मोरिस जोन्स
(c) आइवर जेनिंग्स (d) डॉयसी

**Ans. (a) :** संघीय शासन व्यवस्था के सन्दर्भ में के. सी. व्हीयर ने फेडरल गवर्नमेंट (1949) नामक पुस्तक में संघीय शासन व्यवस्था के बारे में उल्लेख किया है।

17. **भारत सरकार संचित निधि से राज्यों को अनुदान किसके प्रतिवेदन कर देती है-**
(a) नीति आयोग (b) वित्त आयोग
(c) लोक सेवा समिति (d) प्राक्कलन समिति

**Ans. (b) :** भारत सरकार संचित निधि से राज्यों को अनुदान वित्त आयोग के प्रतिवेदन पर देती है। संविधान के भाग 12 अनुच्छेद 264-293 के अन्तर्गत तथा राज्यों के मध्य वित्तीय सम्बन्धों के बारे में प्रावधान किया गया है गैर योजनागत कार्यों के लिए अनुदान वित्त आयोग और योजनागत कार्यों के लिए अनुदान योजना आयोग (अब नीति आयोग) आवंटित करता है।

18. **किस संविधान संशोधन से सम्पत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में समाप्त कर दिया गया-**
(a) 42 संशोधन (b) 44 संशोधन
(c) 45 संशोधन (d) 43 संशोधन

**Ans. (b) :** मूल अधिकार में प्रदत्त सम्पत्ति के अधिकार को 44वें संविधान संशोधन 1978 द्वारा समाप्त कर दिया गया। अनु. 300क के अन्तर्गत सम्पत्ति के अधिकार को विधिक अधिकार का दर्जा प्रदान किया गया। इसके लिए अनु. 31 और अनु. 19(1) (च) को निरसित किया गया।

19. **निम्न में से किस चुनाव में चुनाव आयोग की कोई भूमिका नही है**
(a) राष्ट्रपति (b) उपराष्ट्रपति
(c) राज्यसभा के सदस्य (d) लोकसभा का अध्यक्ष

GET IT ON Google Play

**Ans. (d) :** लोकसभा के अध्यक्ष के चुनाव में चुनाव आयोग की कोई भूमिका नही होती है। क्योंकि लोकसभा अध्यक्ष को बहुमत दल के लोग अपने में से किसी को भी चुन सकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष भी लोकसभा का सदस्य होता है।

**20. भारत में मन्त्रिपरिषद निम्न में से किसके प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी है**

(a) लोकसभा (b) राष्ट्रपति
(c) उप-राष्ट्रपति (d) सर्वोच्च न्यायालय

**Ans. (a) :** संविधान के अनुच्छेद (75(3)) में कहा गया है कि मंत्रिपरिषद लोकसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी। सामूहिक उत्तरदायित्व के अनुसार सम्पूर्ण मन्त्रिपरिषद एक इकाई के रूप में कार्य करती है और सभी मंत्री एक-दूसरे के कार्यो के लिए उत्तरदायी है।

**21. भारत सरकार अधिनियम् 1919 निम्न में किस पर आधारित है-**

(a) मार्ले-मिण्टो सुधार (b) मॉण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड रिपोर्ट
(c) रैम्जे-मैकडोनाल्ड एवार्ड (d) नेहरू रिपोर्ट

**Ans. (b)** 20 अगस्त, 1917 को ब्रिटिश सरकार ने पहली बार घोषित किया कि उसका उद्देश्य भारत में क्रमिक रूप से उत्तरदायी सरकार की स्थापना करना था। क्रमिक रूप से 1919 में भारत शासन अधिनियम बनाया गया, जो 1921 से लागू हुआ। इस कानून को मॉण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार भी कहा जाता है। (मॉण्टेग्यू भारत के राज्य सचिव थे, जबकि चेम्सफोर्ड भारत के वायसराय थे।)

**22. निम्न में कौन निर्गुट-आन्दोलन का संस्थापक नहीं था-**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) कर्नल नासिर
(c) मार्शल टीटो (d) कर्नल गद्दाफी

**Ans. (d) :** निर्गुट आंदोलन के संस्थापक में भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, मिस्र के राष्ट्रपति कर्नल नासिर, यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति मार्शल टीटो शामिल थे। गुटनिरपेक्षता का गठन 1961 में किया गया था। इसका मुख्यालय बेलग्रेड में है।

**23. राज्य सरकार और स्थानीय सरकारों के मध्य राजस्व विभाजन के लिये निम्न में कौन उत्तरदायी है-**

(a) मुख्यमन्त्री (b) राज्यपाल
(c) राज्य वित्त आयोग (d) उपरोक्त में कोई नही

**Ans. (c) :** राज्य सरकार और स्थानीय सरकारों के मध्य राजस्व विभाजन के लिए राज्य वित्त आयोग होता है। अनु. 243 Y यह उपबंधित करता है कि अनुच्छेद 243 I के अधीन पंचायतो के लिए गठित राज्य वित्त आयोग नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति का भी पुनर्विलोकन करेगा।

**24. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 356 निम्न में किससे सम्बन्धित है-**

(a) राज्यों में संवैधानिक तन्त्र के विफल हो जाने पर लगाये जाने वाले आपात से
(b) संघवाद
(c) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(d) राष्ट्रपति का महाभियोग

**Ans. (a) :** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 356 राज्यों में संविधानिक तंत्र विफल हो जाने पर लगाया जाता है इसी को राष्ट्रपति शासन भी कहा जाता है। राष्ट्रपति शासन प्रथम बार 6 माह का होता है बाद में इसको और भी बढाया जा सकता है। राष्ट्रपति शासन अधिकतम 3 वर्ष के लिए हो सकता है।

**25. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवा-निवृत्ति की आयु क्या है-**

(a) 65 वर्ष (b) 60 वर्ष
(c) 62 वर्ष (d) 58 वर्ष

**Ans. (a) :** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवा-निवृत्ति की आयु 65 वर्ष होती है, जबकि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवा निवृत्ति की आयु 62 वर्ष होती है।

**26. 'सर्वेण्टस ऑफ इंडिया सोसाइटी' की स्थापना किसने की-**

(a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) महादेव गोविन्द रानाडे
(c) मदन मोहन मालवीय (d) बाल गंगाधर तिलक

**Ans. (a) :** गांधी जी के राजनीतिक गुरू गोपाल कृष्ण गोखले ने सर्वेंटस आफ इण्डिया सोसायटी की स्थापना 1905 में पूना में की थी। गोपालकृष्ण गोखले के राजनीतिक गुरू रानाडे थे। इनका उद्देश्य भारतीयों की सेवा करना तथा अंग्रेजों के विरुद्ध उन्हे जागृत करना था।

**27. 'गीता रहस्य' किसने लिखा?**

(a) स्वामी विवेकानन्द (b) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) स्वामी विरजानन्द

**Ans. (c) :** भारत के बेताज बादशाह तथा हिन्दू राष्ट्रवाद के पिता लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने गीता रहस्य नामक ग्रन्थ की रचना की थी। इसके अलावा गणपति उत्सव 1893 ई. शिवाजी महोत्सव 1895 ई. में शुरू किया था। बेलेन्टाइन सिरोल ने इन्हे भारतीय अशांति का जनक कहा था।

**28. भारत के किसी भी राज्य में प्रथम महिला मुख्यमन्त्री किस राज्य में बनी-**

(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) केरल (d) तमिलनाडु

**Ans. (a) :** भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी थी। जो कि उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री थी। सुचेता कृपलानी आचार्य जे. बी. कृपलानी की पत्नी थी। सुचेता कृपलानी भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग ली थी। उन्होंने 2 अक्टूबर 1963-13 मार्च 1967 तक उत्तर प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में पद पर कार्य किया। यह उत्तर प्रदेश की चौथी मुख्यमंत्री थीं।

**29. निम्न में कौन भारत के राष्ट्रपति को निर्वाचित करने वाले निर्वाचक मण्डल के सदस्य होते है। नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुने-**

**1. लोकसभा के निर्वाचित सदस्य**
**2. राज्य सभा के निर्वाचित सदस्य**
**3. राज्य विधान सभा के निर्वाचित सदस्य**
**4. राज्य विधान परिषद के निर्वाचित सदस्य**

**कूटः**

(a) 1, 2 (b) 1, 4
(c) 1, 2, 3 (d) 1, 2, 3, 4

**Ans. (c) :** भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन में लोकसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य तथा राज्य विधान सभा के निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं।

**30. राज्य सरकार को विधिक मामलों में कौन परामर्श देता है**

(a) महान्यायवादी
(b) एडवोकेट जनरल
(c) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

**Ans. (b) :** राज्य सरकार को विधिक मामलों में सलाह देने के लिए एडवोकेट जनरल (महाधिवक्ता) होता है। इनकी नियुक्ति राज्यपाल करता है। अनु. 165 के अन्तर्गत उल्लिखित महाधिवक्ता राज्य का सर्वोच्च विधिक अधिकारी होता है।

**31. निम्न में किसने 'एक राष्ट्र' एक राज्य सिद्धान्त की उद्घोषणा की-**
(a) मैजिनी (b) लार्ड एक्टन
(c) कार्ल मार्क्स (d) लेनिन

**Ans. (a) :** मैजिनी ने सबसे पहले एक राष्ट्र एक राज्य सिद्धान्त की घोषणा किया था। विल्सन ने बाद में उसे आत्म निर्णय के सिद्धान्त के रूप में अपना लिया। मार्क्स ने वर्ग के सिद्धान्त की व्याख्या किया था।

**32. किसने कहा कि यदि न्याय व्यवस्था न हो तो राज्य लुटेरों का गिरोह बन जाता है-**
(a) प्लेटो (b) अरस्तू
(c) सन्त अगस्टाइन (d) लॉक

**Ans. (c) :** सेंट आगस्टाइन के अनुसार ''जिन राज्यों में न्याय नहीं रह जाता है वे डाकुओं के झुंडमात्र कहे जा सकते हैं।'' आगस्टाइन ने न्याय को ईश्वरी राज्य का सर्वप्रथम माना। उनका कथन है कि '' न्याय एक व्यवस्थित एवं अनुशासित जीवन व्यतीत करने तथा उन कर्त्तव्यों का पालन करने में है जिनकी व्यवस्था मांग करती है।

**33. ''जब मै राजनीति विज्ञान शीर्षक के अन्तर्गत श्रेष्ठ परीक्षा प्रश्नों को देखता हूँ तो मुझे प्रश्नों पर नही, शीर्षक पर खेद होता है।'' यह किसका कथन है?**
(a) काम्टे (b) बक्ल
(c) ब्राइस (d) मेटलैंड

**Ans. (d) :** मेटलैंड का कथन था कि ''जब मैं परीक्षा के प्रश्नपत्र पर शीर्षक ''राजनीतिशास्त्र'' को देखता हूँ तो मुझे प्रश्नों पर नहीं शीर्षक पर अधिक खेद होता हैं।'' बकिल ने राजनीति विद्वान को कलाओं में सबसे पिछड़ी कला माना है।

**34. बीसवीं शताब्दी में स्वतन्त्रता के नकारात्मक दृष्टिकोण के अग्रतम प्रतिपादकों में कौन है-**
(a) आइजिया बर्लिन (b) सी. बी. मैकफरसन
(c) जॉन रॉल्स (d) चार्ल्स टेलर

**Ans. (a) :** बीसवीं शताब्दी में स्वतन्त्रता के नकारात्मक दृष्टिकोण के अग्रतम प्रतिपादक आइजिया बर्लिन थे। इन्होंने नकारात्मक दृष्टिकोण का उल्लेख अपनी पुस्तक 'फोर एसेज आफ लिबर्टी' में किया। मिल, नाजिक, हेयक, फ्रीडमैन नकारात्मक स्वतन्त्रता के समर्थक थे।

**35. ''जहाँ कानून नहीं होता, वहाँ स्वतन्त्रता भी नहीं हो सकती है''। निम्न में किसका कथन है-**
(a) डायसी (b) विलोबी
(c) लास्की (d) लॉक

**Ans. (d) :** जहाँ कानून नहीं होता वहाँ स्वतन्त्रता नहीं है। उपरोक्त कथन लाक का है। लॉक के अनुसार- ''यद्यपि प्राकृतिक अवस्था स्वतन्त्रता की अवस्था है। तथापि यह स्वेच्छाचारिता की अवस्था नहीं है।'' लॉक ने विधि को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना।

**36. गांधीवादी विचारों में निम्न में से कौन से संघर्ष प्रमुखता से अभिव्यक्त नहीं होते-**
(a) श्रम और पूंजी में संघर्ष
(b) काश्तकार और भू-स्वामी में संघर्ष
(c) गाँव और शहर में संघर्ष
(d) ब्राह्मण और दलित में संघर्ष

**Ans. (a):** गाँधीवादी विचार-धारा के अन्तर्गत गांधी जी ने श्रम और पूंजी में संघर्ष नामक संकल्पना में कोई स्थान नही दिया है। जबकि विभिन्न प्रकार के संघर्षो में जैसे- काश्तकार और भूस्वामी में संघर्ष, गांव और शहर में संघर्ष ब्राह्मण और दलित में संघर्ष जैसे विचार दिये हैं।

**37. भारत में दल-विहीन लोकतन्त्र की सर्वप्रथम वकालत किसने की-**
(a) विनोवा भावे (b) जयप्रकाश नारायण
(c) महात्मा गांधी (d) एम. एन. राय

**Ans. (b) :** भारत में दल-विहीन लोकतन्त्र की सर्वप्रथम वकालत जय प्रकाश नारायण ने की थी। जयप्रकाश नारायण भारत में मार्क्सवाद के जनक माने जाते हैं। जे. पी. नारायण लोकतन्त्र के प्रबल पक्षधर थे।

**38. निम्न में से किसने चेतावनी दी की भारत में 'व्यक्ति पूजा' की भावना लोकतन्त्र के लिये सबसे बड़ा खतरा है-**
(a) महात्मा गांधी (b) बी. आर. अम्बेडकर
(c) जवाहरलाल नेहरू (d) विनोबा भावे

**Ans. (b) :** बाबा साहेब अम्बेडकर ने संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में ये चेतावनी दी थी कि भारत जैसे देश में व्यक्ति पूजा या नायक पूजा लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

**39. 'दबाव समूह अज्ञात साम्राज्य हैं। किसका कथन है-**
(a) फाइनर (b) लास्की
(c) ब्राइस (d) ओडिगार्ड

**Ans. (a) :** दबाव समूह अज्ञात साम्राज्य है। यह कथन फाइनर का है। फाइनर ने दबाव समूहों को तृतीय सदन की संज्ञा दी है। दबाव समूह अमेरिका में विधि निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दबाव समूहों को इनकी कार्यशैली के कारण अदृश्य सरकार कहा जाता है।

**40. निम्न में किसने 'भूमि को राज्य का आवश्यक तत्व नहीं माना-**
(a) सुकरात (b) प्लेटो
(c) विलोबी (d) अरस्तू

**Ans. (c) :** राज्य के आवश्यक तत्व के अन्तर्गत, जनसंख्या निश्चित भू-भाग, सरकार, सम्प्रभुता को शामिल किया जाता है। जबकि विलोबी ने राज्य के आवश्यक तत्व के अन्तर्गत भूमि को आवश्यक नहीं माना है।

**41. 'मनु' ने निम्न में से कौन सा सिद्धान्त प्रतिपादित किया-**
(a) मण्डल सिद्धान्त (b) सप्तांग सिद्धान्त
(c) शक्ति सिद्धान्त (d) उपरोक्त में कोई नही

**Ans. (b) :** भारतीय राजनीतिक व्यवस्था के अन्तर्गत मनु ने सप्तांग सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। जिसके अन्तर्गत स्वामी अमात्य (मन्त्री), कोष, दण्ड, दुर्ग, जनपद मित्र आते हैं।

**42. संप्रभुता की अवधारणा प्रमुखता कैसी अवधारणा है-**
(a) राजनीतिक (b) विधिक
(c) दार्शनिक (d) उपरोक्त में कोई नहीं

**Ans. (b) :** यदि संविधान परम् संप्रभु है तो संप्रभुता संविधान का निर्माण करने वाले विधि निर्माता निकाय में आरोपित होगी। लोक प्रिय संप्रभुता जनता में निहित होती है। लोकप्रिय प्रभुसत्ता का विचार नैतिक आधार पर जनता के प्रभुसत्ता को उपयुक्त मानता है।

43. 'लिबर्टी' शब्द लैटिन भाषा के किस शब्द से लिया गया है-
(a) लाइबेल (b) लिंगुआ
(c) लाइबर (d) लेबर

**Ans. (c) :** लिबर्टी शब्द लैटिन भाषा के लाइबर (Liber) शब्द से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है बन्धनों का अभाव। किन्तु स्वतन्त्रता शब्द की व्युत्पत्ति के आधार पर प्रचलित इस अर्थ को स्वतन्त्रता का वास्तविक अर्थ नहीं माना जा सकता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, समाज में रहकर वह असीमित स्वतन्त्रता का उपभोग नहीं कर सकता है।

44. निम्न में से कौन सामुदायिक दबाव समूह का उदाहरण नहीं है-
(a) किसान संगठन (b) यंग तुर्क
(c) श्रमिक संघ (d) राज्य- कर्मचारी संघ

**Ans. (b) :** सामुदायिक दबाव समूह का उदाहरण 'यंग तुर्क' नहीं है। इसमें किसान संगठन, श्रमिक संघ, राज्य-कर्मचारी आदि को शामिल किया जाता है। दबाव समूह दबाव बनाकर अपना कार्य करवाते हैं। दबाव समूह की यह विशेषता है कि वह राजनीति एवं प्रशासन में परोक्ष भूमिका निभाता है।

45. ''इतिहास के बिना नागरिक शास्त्र जड़-विहीन है, और नागरिक शास्त्र के बिना इतिहास फल-विहीन है।'' किसका कथन है-
(a) पुण्तामबेकर (b) सीले
(c) ब्राइस (d) एब्राहम लिकन

**Ans. (b) :** सीले महोदय के अनुसार किसी भी विषय का ज्ञान प्राप्त करने के लिए पूर्व ज्ञान का होना जरूरी होता है। उसी प्रकार 'इतिहास के बिना नागरिक शास्त्र जड़ विहीन और नागरिक शास्त्र के बिना इतिहास फल विहीन है। यह कथन सीले महोदय का है।

46. ''मुझे केक खाने का कोई अधिकार नहीं यदि मेरे पड़ोसी को भूखा सोना पड़े।'' किसका कथन है-
(a) ब्राइस (b) गेटल
(c) लास्की (d) वुडरो विल्सन

**Ans. (c) :** लॉस्की 20वीं शताब्दी का एक प्रमुख राजनीतिक विचारक है। लॉस्की बहुलवाद तथा लोक कल्याणकारी राज्य का समर्थन करता है। इसका मानना है कि आर्थिक समानता के अभाव में राजनीतिक स्वतंत्रता का कोई मतलब नहीं है क्योंकि जब तक व्यक्ति आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होगा तो वह अपनी जरूरतों को पूरा नहीं कर पायेगा ऐसी स्थिति में वह स्वतंत्रता का उपभोग नहीं कर पायेगा।
लॉस्की का यह कथन आर्थिक विषमता की ओर संकेत करता है।

47. निम्न में कितने राज्य के वर्ग-सिद्धान्त का समर्थन किया-
(a) मार्क्स (b) एन्जेल्स
(c) लेनिन (d) उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** राज्य के वर्ग सिद्धान्त का समर्थन मार्क्स, एन्जेल्स लेनिन आदि ने किया था। मार्क्स ने कम्यूनिस्ट मेनीफेस्टो (1847) में लिखा है कि 'आज तक के सम्पूर्ण समाज का इतिहास वर्ग 'संघर्षों का इतिहास है।' अतः मार्क्सवादी सिद्धान्त राज्य की उत्पत्ति में वर्ग संघर्ष को सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानता है।

48. किसने राजनीति शास्त्र के अध्ययन में ज्यामिति, भौतिकी व मनोविज्ञान की मदद ली-
(a) हाब्स (b) लॉक
(c) रूसो (d) जे. एस. मिल

**Ans. (a) :** वैज्ञानिक भौतिक वाद के प्रवर्तक हाब्स ने राजनीति विज्ञान के अध्ययन में ज्यामितीय, भौतिक मनोविज्ञान की सहायता ली। इन्हें विशुद्ध भौतिकवादी विचारक माना जाता है।

49. भारत छोड़ो आन्दोलन कब प्रारम्भ हुआ-
(a) 6 अगस्त 1941 (b) 8 अगस्त 1942
(c) 17 जुलाई 1943 (d) उपरोक्त में कोई सही नहीं

**Ans. (b) :** भारत छोड़ो आन्दोलन 8 अगस्त 1942 ई. को प्रारंभ हुआ। इस आन्दोलन की शुरूआत गांधी जी ने किया था, ओर करो या मरो का नारा दिया था। 9 अगस्त 1942 ई. को आपरेशन जीरो आवर के तहत काँग्रेस के सभी महत्वपूर्ण नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था।

50. 'ग्राम-सेवा' का लेखक कौन है-
(a) विनोबा भावे (b) महात्मा गांधी
(c) राम मनोहर लोहिया (d) जय प्रकाश नारायण

**Ans. (a) :** ग्राम सेवा नामक पुस्तक विनोवा भावे द्वारा लिखा गया है। यह पुस्तक ग्रामीण सेवा से सम्बन्धित है। इसमें बताया गया है कि देश के विकास में गाँव का योगदान किस स्तर पर होना चाहिए।

51. भारत में पंचायती राज का प्रारम्भ किस वर्ष में हुआ-
(a) 1952 (b) 1957
(c) 1959 (d) 1960

**Ans. (c) :** भारत में पंचायती राज व्यवस्था का प्रारंभ 1959 ई. में किया गया था। इसकी शुरूआत राजस्थान के नागौर जिले से किया गया था। पंचायती राज व्यवस्था की सिफारिश बलवंत राय मेहता ने किया था। पंचायती राज में त्रिस्तरीय पंचायत के गठन को स्वीकार किया गया।

52. 'पॉलिटिक्स' शब्द की व्युत्पत्ति 'पोलिस' शब्द से हुई है जो निम्न में किस भाषा से लिया गया है-
(a) फ्राँसीसी (b) यूनानी
(c) लैटिन (d) जर्मन

**Ans. (b) :** पालिटिक्स (राजनीति) शब्द की उत्पत्ति यूनानी शब्द पोलिस से हुई है। जिसका अर्थ है ''नगर-राज्य'' पालिटिक्स शब्द सर्वप्रथम अरस्तू द्वारा शुरू किया गया था। यूनानी विचारकों ने इन नगर राज्यों की गतिविधियों का नाम 'पालिटिक्स' दिया।

53. निम्न में कौन प्रत्यक्ष प्रजातन्त्र से सम्बन्धित है-
(a) जनमत संग्रह (b) प्लेबिसाइट
(c) आरम्भक (d) उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** प्रत्यक्ष प्रजातन्त्र का तात्पर्य ऐसी शासन व्यवस्था से है जिसके अंतर्गत जनता सीधे शासन-प्रशासन में भागीदार होती है। इसमें जनप्रतिनिधियों के लिए कोई स्थान नहीं होता है।
जनमत संग्रह, प्लेबिसाइट और आरम्भक प्रत्यक्ष प्रजातंत्र से सम्बन्धित हैं।
प्रत्यक्ष प्रजातंत्र का जनक रूसो को माना जाता है।

54. रूसो के राजनीतिक विचारों में निम्न में से किसका उल्लेख मिलता है-
(a) यथार्थ इच्छा (b) वास्तविक इच्छा
(c) सामान्य इच्छा (d) उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** रूसो के चिन्तन में यथार्थ इच्छा, वास्तविक इच्छा और सामान्य इच्छा तीनों का उल्लेख मिलता है।
**यथार्थ इच्छा (Actual Will)**- यथार्थ इच्छा का आशय ऐसी इच्छा से है, जो स्वार्थी, संकीर्ण और स्वहित पर आधारित होती हैं
**वास्तविक इच्छा (Real Will)**- वास्तविक इच्छा का आशय ऐसी इच्छा से होता है जो सर्वहित, सामाजिक हित, मानवतावादी प्रवृत्ति तथा व्यापक दृष्टिकोण पर आधारित होती है।
**सामान्य इच्छा (General Will)**- सामान्य इच्छा का आशय ऐसी इच्छा से होता है जो सभी व्यक्तियों या किसी एक व्यक्ति की वास्तविक इच्छा से बनती है।
सामान्य इच्छा ही रूसो के चिंता का सार है।
सामान्य इच्छा में सम्प्रभुता के समस्त गुण पाये जाते हैं।
प्रो. वॉहन ने रूसो की सामान्य इच्छा को शीशविहीन लेवियाथन कहा है।

**55. सप्तांग सिद्धान्त निम्न में किस से सम्बन्धित है-**
(a) आर्थिक व्यवस्था (b) सामाजिक व्यवस्था
(c) राजनीतिक व्यवस्था (d) न्यायिक व्यवस्था

**Ans. (c) :** सप्तांग सिद्धान्त का जनक मनु को माना जाता है। इसका सम्बन्ध राजनीतिक व्यवस्था से है। सप्तांग सिद्धान्त के अन्तर्गत स्वामी, अमात्य या मन्त्री, कोष, दण्ड, दुर्गः जनपद, मित्र है।

**56. 'लेवियाथन' का लेखक कौन है-**
(a) हाब्स (b) ग्राहम वालास
(c) रूसो (d) मैकाइवर

**Ans. (a) :** लेवियाथन का लेखक हाब्स है। लेवियाथन एक ऐसी कृति है जो राजनीतिशास्त्र के सम्पूर्ण ढाँचे का अध्ययन करने की दृष्टि से बेजोड़ है। इस पुस्तक के चार भागों में व्यक्ति, समाज, सभ्यता तथा पाशविकता का वर्णन है। हाब्स ने राजनीति शास्त्र के अध्ययन के लिए पूर्णतः वैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग किया।

**57. गांधीजी का राजनीतिक गुरू किसे माना जाता है-**
(a) बाल गंगाधर तिलक (b) गोपाल कृष्ण गोखले
(c) दादा भाई नौरोजी (d) उपरोक्त में कोई नहीं

**Ans. (b) :** महात्मागांधी के राजनीतिक गुरू गोपाल कृष्ण गोखले थे। 1915 ई. में गांधी जी दक्षिण अफ्रीका से वापस लौटे तो सबसे पहले गोखले जी से मिले थे। गोखले जी ने उनको पूरा भ्रमण करने के लिए कहा था। उसके बाद ही किसी पार्टी में शामिल होने के लिए कहा था।

**58. भारत के निर्वाचन आयुक्त को उसके पद से कौन हटा सकता है-**
(a) मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(b) प्रधानमन्त्री
(c) मुख्य निर्वाचन आयुक्त के प्रतिवेदन पर राष्ट्रपति
(d) भारत का मुख्य न्यायाधीश

**Ans. (c) :** भारत के निर्वाचन आयुक्त को उसके पद से मुख्य निर्वाचन आयुक्त के प्रतिवेदन पर राष्ट्रपति हटा सकता है। चुनाव आयोग का उल्लेख संविधान के अनु. 324 में किया गया है। 1989 ई. में चुनाव आयोग को तीन सदस्यी बनाया गया। एक मुख्य निर्वाचन आयुक्त होगा। दो अन्य निर्वाचन आयोग के सदस्य होंगे।

**59. किसका मानना था कि राज्य सदैव ही एक दमनकारी संस्था है?**
(a) हीगेल (b) रूसो
(c) बेन्थम (d) मार्क्स

**Ans. (d) :** मार्क्सवादी विचारधारा के प्रवर्तक राज्य को सदैव शोषण का साधन मानते हैं या राज्य सदैव ही एक दमनकारी संस्था है। राज्य पूंजीपतियों के संरक्षण का साधन हैं। यह राज्य के अस्तित्व को नकार देता है।

**60. निम्न में से किस विचारक ने 'राजनीति विज्ञान' को श्रेष्ठतम् विज्ञान की संज्ञा दी-**
(a) प्लेटो (b) अरस्तू
(c) पॉल जेनेट (d) लास्की

**Ans. (b) :** राजनीति विज्ञान के जनक अरस्तू ने राजनीति विज्ञान को श्रेष्ठतम विज्ञान के रूप में चिन्हित किया। राजनीति विज्ञान का क्षेत्र विस्तृत होता है, जबकि राजनीति शास्त्र का क्षेत्र संकुचित होता है।

**61. ''समानता का अर्थ है कि सभी के लिये पर्याप्त अवसर प्राप्त हो-**
(a) डायसी (b) लॉस्की
(c) मैकाइवर (d) आइवर जेनिंग्स

**Ans. (b) :** लॉस्की सकारात्मक समानता को स्वीकार करता है। सकारात्मक समानता का आशय ऐसी समानता से होता है जिसके अंतर्गत प्राकृतिक असमानता को तो स्वीकार किया जाता है किन्तु सामाजिक-आर्थिक असमानता को दूर करने पर बल दिया जाता है। लॉस्की का मानना है कि समानता का आशय यह नहीं है कि प्रत्येक व्यक्ति के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाय और सभी को समान वेतन दिया जाय।
अतः समानता का आशय है-
1. समाज में विशेषाधिकार सम्पन्न वर्ग न हो।
2. सभी को विकास के लिए समान अवसर उपलब्ध हों।

**62. निम्न में किसने संप्रभुता के एकलवादी सिद्धान्त का प्रतिपादन किया-**
(a) जॉन आस्टिन (b) हेरल्ड लास्की
(c) हयूगो ग्रोशियस (d) उपरोक्त में कोई नही

**Ans. (a) :** जॉन आस्टिन द्वारा प्रतिपादित प्रभुसत्ता सिद्धान्त को एकलवादी सिद्धान्त कहा जाता है। आस्टिन ने सकारात्मक कानून का सिद्धान्त भी प्रस्तुत किया था जो राज्य की कानूनी प्रभुसत्ता से जुड़ा है। हाब्स के अनुसार राज्य समाज की बुनियादी संस्था हैं एवं एक मात्र ऐसी संस्था है जो समाज के लिए कानून बनाती है।

**63. राज्य की उत्पत्ति के सम्बन्ध में मनु ने कौन सा सिद्धान्त स्वीकार किया-**
(a) दैवीय सिद्धान्त (b) शक्ति सिद्धान्त
(c) सामाजिक संविदा सिद्धान्त (d) पितृसत्तात्मक सिद्धान्त

**Ans. (a) :** राज्य की उत्पत्ति के सिद्धान्त के अन्तर्गत सबसे प्राचीन सिद्धान्त के अन्तर्गत दैवीय उत्पत्ति के सिद्धान्त को माना जाता है। जिसके प्रबल समर्थक मनु है। मनु को मनुष्य के आदि पिता के रूप में जाना जाता है।

**64. डॉ. बी. आर. अम्बेडकर संविधान सभा में निम्न में किसके अध्यक्ष थे-**
(a) संघीय समिति (b) प्रारूप समिति
(c) प्रान्तीय समिति (d) उपरोक्त में कोई नहीं

**Ans. (b) :** डा. बी. आर. अम्बेडकर की अध्यक्षता में गठित संविधान सभा की प्रारूप समिति में अन्य 6 सदस्य थे। संविधान के प्रारूप पर विचार करने के लिए संविधान सभा द्वारा 29 अगस्त 1947 ई. को संकल्प पारित करके प्रारूप समिति का गठन किया गया था।

Adda247
GET IT ON Google Play

65. गांधीवादी अर्थव्यवस्था निम्न में किस सिद्धान्त पर आधारित है-
(a) प्रतिस्पर्धा (b) न्यास (ट्रस्टीशिप)
(c) राज्य नियन्त्रण (d) उपरोक्त में कोई नही

**Ans. (b) :** गांधीवादी अर्थव्यवस्था गांधी जी के न्यास ट्रस्टीशिप सिद्धान्त पर आधारित है। जिसमें कहा गया है कि प्रकृति ने पर्याप्त संसाधन मनुष्य के लिए छोड़ा है जबकि लालच के लिए कम पड़ जायेगा।

66. बलवन्त राय मेहता समिति निम्न में किससे सम्बन्धित है-
(a) मौलिक अधिकार (b) नीति निर्देशक तत्व
(c) भ्रष्टाचार (d) पंचायती राज

**Ans. (d) :** बलवंत राय मेहता समिति का गठन भारत सरकार द्वारा 16 जनवरी, 1957 को 'सामुदायिक विकास कार्यक्रम' (2 अक्टूबर, 1952) तथा 'राष्ट्रीय विस्तार सेवा' (2 अक्टूबर, 1953) की समीक्षा करने हेतु किया गया था।
समिति ने 24 नवम्बर, 1957 को अपनी रिपोर्ट सौंप दिया।
73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम-1992 के द्वारा भारत में पंचायती राज की मुकम्मल व्यवस्था की गई। इस संशोधन के द्वारा भारतीय संविधान में एक नया भाग (भाग-9), 16 नये अनुच्छेद (अनुच्छेद 243 से 243O तक) और एक नयी अनुसूची (11वीं) जोड़ी गयी।
11वीं अनुसूची में कुल 29 विषयों का उल्लेख है।
73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम-1992 को 24 अप्रैल, 1993 से लागू किया गया। अतः 24 अप्रैल को प्रतिवर्ष भारत में 'पंचायत राज दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

67. पितृसत्तात्मक सिद्धान्त का कौन प्रबल समर्थक था-
(a) हेनरी मेन (b) हेनरी लारेन्स
(c) क्रैब (d) उपरोक्त में कोई नही

**Ans. (a) :** राज्य की उत्पत्ति का पितृसत्तात्मक सिद्धान्त अर्द्ध काल्पनिक माना जाता है क्योंकि राज्य की उत्पत्ति के सम्बन्ध में इसके विचार आंशिक रूप से सत्य और आंशिक रूप से असत्य है। इस सिद्धांत का आदि प्रवर्तक अरस्तू को माना जाता है, किन्तु आधुनिक प्रवर्तक सर हेनरी मेन को माना जाता है।
सर हेनरी मेन ने अपनी रचना 'Ancient law of early history of Institutions' में पितृसत्तात्मक सिद्धांत का वर्णन किया है।
इस सिद्धांत के अंतर्गत सत्ता का केन्द्र पितृपक्ष होता है। वंशावली, गोत्र, नामावली इत्यादि का निर्धारण पिता के आधार पर ही किया जाता था। समाज की प्रमुख इकाई परिवार को माना जाता था।

68. किसने प्राकृतिक- अवस्था में मनुष्य को 'आदर्श-बर्बर' की संज्ञा दी-
(a) हाब्स (b) लॉक
(c) रूसो (d) उपरोक्त में कोई नही

**Ans. (c) :** रूसो ने प्राकृतिक अवस्था का चित्रण करते हुए मनुष्य को आदर्श बर्बर के रूप में चिन्हित करता है। कहता है कि मनुष्य का भोलापन उसकी स्वतन्त्रता सब विज्ञान और आविष्कार ने छीन ली है।

69. किसने न्याय को 'उचितता' (फेयरनेस) के रूप में परिभाषित किया-
(a) ड्यूगी (b) ब्राइस
(c) डायसी (d) जॉन रॉल्स

**Ans. (d) :** न्याय को उचितता (फेयरनेस) के रूप में जान राल्स ने परिभाषित किया है। जान राल्स ने अपनी पुस्तक 'ए थ्योरी आफ जस्टिस' (1971) में सामाजिक संविदा और कांट के विधि-दर्शन को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है। जान राल्स ने अपने न्याय सिद्धान्त को 'शुद्ध प्रक्रियात्मक न्याय' की संज्ञा दी है।

70. 'रक्त-सम्बन्ध समाज का निर्माण करता है और कालान्तर में समाज राज्य को जन्म देता है।
(a) विलोबी (b) मैकाइबर
(c) सीले (d) गार्नर

**Ans. (b) :** मैकाइबर का कथन है कि 'रक्त सम्बन्ध समाज को जन्म देता है, और समाज से अन्ततोगत्वा राज्य की सृष्टि होती है। समाज एक व्यापक, प्राथमिक, अपरिहार्य और शिथिल संगठन है, समाज सहयोग तथा राज्य बल-प्रयोग पर आधारित है।

71. दबाव-समूह का प्रमुख उद्देश्य है-
(a) सामाजिक सेवा
(b) जनता को शिक्षित करना
(c) सक्रिय राजनीति करना
(d) अपने हितों की पूर्ति के लिये सरकार पर दबाव डालना

**Ans. (d) :** दबाव समूह का प्रमुख उद्देश्य अपने हितों की पूर्ति के लिए सरकार पर दबाव डालना है। दबाव समूह आधुनिक प्रजा तन्त्र के अभिन्न अंग हैं। ये अमेरिकी राजनीति व्यवस्था की देन है। इसके अन्तर्गत राजनीति एवं प्रशासन में परोक्ष भूमिका भी है।

72. 'शक्ति-पृथक्क्करण' का सिद्धान्त निम्न में किससे सम्बन्धित है-
(a) मैकियावेली (b) माण्टेस्क्यू
(c) सन्त टॉमस एक्वीनास (d) बेन्थम

**Ans. (b) :** इंग्लैण्ड के राजनीतिक विचारक माण्टेस्क्यू ने शक्ति पृथक्करण सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। मान्टेस्क्यू ने शक्ति के तीनों वर्गों को अलग-अलग निर्धारित किया और तीनों को अलग-अलग शक्ति भी दिया।

73. किसने 'द रिपब्लिक' की रचना की?
(a) अरस्तू (b) प्लेटो
(c) हीगल (d) बेन्थम

**Ans. (b) :** आदर्शवादी विचार धारा के समर्थक प्लेटो के द्वारा न्याय पर लिखी गयी सबसे महत्वपूर्ण पुस्तक 'द रिपब्लिक' है। रिपब्लिक नामक पुस्तक को प्लेटो ने संवाद शैली में लिखा है।

74. किसने विधिक और राजनीतिक संप्रभुता में भेद किया?
(a) डायसी (b) सीले
(c) मिल (d) गार्नर

**Ans. (a) :** विधिक और राजनीतिक सम्प्रभुता में भेद डायसी ने किया है। डायसी के शब्दों में कानूनी सम्प्रभु के पीछे एक दूसरे संप्रभु विद्यमान है जिसके सामने कानूनी सम्प्रभु को झुकना पड़ता है।

75. एक स्वस्थ लोकमत के निर्माण में निम्न में कौन बाधक है-
(a) स्वतन्त्र प्रेस
(b) निरक्षरता
(c) सशक्त राजनीतिक दल
(d) साम्प्रदायिकता का अभाव

**Ans. (b) :** स्वस्थ लोकमत के निर्माण में निरक्षरता बहुत बड़ा बाधक है। लोकमत के लिए लोगों को शिक्षित होना और जागरूक होना बहुत जरूरी है। जिससे एक स्वस्थ लोक मत का निर्माण हो सके।

76. ''राजनीति विज्ञान का आरम्भ और अन्त राज्य से ही होता है।'' किसका कथन है?
(a) गेटिल (b) गिलक्राइस्ट
(c) लास्की (d) गार्नर

**Ans. (d) :** जे. डब्ल्यू. गार्नर ने अपनी पुस्तक पॉलिटिकल साइंस एंड गवर्नमेंट में कहा है कि "राजनीति विज्ञान का आरंभ और अन्त दोनों ही राज्य से होता है।

**77. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करे तथा नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुने-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. परम्परागत उदारवाद | 1. उत्पादक |
| B. उदारवादी आदर्शवाद | 2. आवश्यक भलाई |
| C. हीगलवादी आदर्शवाद | 3. आवश्यक बुराई |
| D. मार्क्सवाद | 4. नैतिकता व विधिकता की अभिव्यक्ति |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2, | 3, | 1, | 4 |
| (b) | 3, | 2, | 4, | 1 |
| (c) | 3, | 2, | 1, | 4 |
| (d) | 2, | 3, | 4, | 1 |

**Ans. (b) :** परम्परागत उदारवाद का सम्बन्ध आवश्यक बुराई से है, उदारवादी आदर्शवाद का सम्बन्ध आवश्यक भलाई से है। हीगलवादी आदर्शवाद का सम्बन्ध नैतिक विधिक से है, मार्क्सवाद का सम्बन्ध उत्पादक संस्था से है।

**78. निम्न में कौन सही सुमेलित नहीं है-**
(a) हयू टोये: स्प्रिंगिग टागर
(b) एस.सी.बोस: इंडियन स्ट्रगिल
(c) लुई फिशर: द लाइफ ऑफ महात्मा गांधी
(d) एम. के. गांधी: इंडिया डिवाइडेड

**Ans. (d) :** इण्डिया डिवाइडेड (1946) नामक पुस्तक के लेखक भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद थे। जबकि गांधी जी ने इण्डियन ओपीनियन की रचना की थी।

**79. "जो नैतिक दृष्टिकोण से गलत है, वह राजनीतिक रूप से कभी भी सही नही हो सकता।" किसका कथन है-**
(a) सी. राजगोपालचारी (b) एम. के. गांधी
(c) जवाहरलाल नेहरू (d) सरदार पटेल

**Ans. (b) :** गांधीवादी विचारधारा के अन्तर्गत गांधी जी ने राजनीति में नैतिकता को स्थापित करके राजनीति को शुद्ध और परिपूर्ण बनाना चाहा। उनके अन्तर्गत "जो नैतिक दृष्टिकोण से गलत है वह राजनैतिक दृष्टि रूप से कभी सही नहीं हो सकता। अतः साध्य और साधन दोनों पवित्र होना चाहिए।

**80. 'मानवर्धमशास्त्र' का प्रेणता कौन है?**
(a) कौटिल्य (b) मनु
(c) शुक्र (d) भीष्म

**Ans. (b) :** मानव धर्म शास्त्र के प्रणेता के रूप में एवं धर्मशास्त्र के पिता के रूप में भारतीय राजनीतिक विचारक मनु को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इन्हें आदि पुरूष की संज्ञा दी जाती हैं।

**81. 'वन ईयर ऑफ नॉन कोआपरेशन' किसने लिखा-**
(a) एम. के. गांधी (b) बी. आर. अम्बेडकर
(c) एम. एन. रॉय (d) अरविन्द घोष

**Ans. (c) :** वन ईयर आफ नान कोऑपरेशन (1923) एम.एन. राय ने प्रतिपादित किया है। साम्यवाद के समर्थक एम.एन.राय ने 1925 ई. में भारत में साम्यवादी दल की स्थापना किया था। एम.एन.राय के अनुसार-"मनुष्य ही सभी वस्तुओं का मानदण्ड है।"

**82. "हू वर द शूद्राज" के लेखक कौन है-**
(a) महात्मा गांधी (b) अम्बेडकर
(c) मनु (d) कौटिल्य

**Ans. (b) :** 'हू वर शूद्राज' के लेखक डा. अम्बेडकर थे। डा. अम्बेडकर ने अपनी रचना 'हू वर शूद्राज' में शूद्रों की उत्पत्ति के बारे में विचार दिये है। इन्होने वर्ण व्यवस्था का विरोध किया। इसके अनुसार 'शुद्र वह क्षत्रीय थे जिनका ब्राह्मणों ने उपनयन संस्कार बंद कर दिया था।

**83. निम्न में कौन सा कथन सत्य है-**
(a) सभी दबाव समूह हित समूह है
(b) सभी हित समूह दबाव समूह है
(c) दबाव समूह राज्य की निर्णयन प्रक्रिया को प्रभावित नहीं कर सकते
(d) हित समूह व्यक्ति की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते

**Ans. (a) :** सभी दबाव समूह हित समूह है। अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए दबाव समूह विभिन्न युक्तियाँ अपनाते हैं जिनमें निम्न सम्मिलित हैं- अनुनय, सौदेबाजी, सीधी कार्यवाही, लाबिंग विधान मण्डल के सदस्यों को प्रभावित कर अपने हितों में कानूनों का निर्माण करना।

**84. निम्न में से किस उच्च न्यायालय के सेवाधिकार में अण्डमान एवं निकोबर द्वीप समूह आते है?**
(a) कोलकाता उच्च न्यायालय
(b) मद्रास उच्च न्यायालय
(c) मुम्बई उच्च न्यायालय
(d) आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय

**Ans. (a) :** अण्डमान एवं निकोबार समूह पर कोलकाता उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार है, जिसकी सर्किट बेंच पोर्ट ब्लेयर में है। वर्तमान में छः उच्च न्यायालय ऐसे है जिनकी अधिकारिता एक से अधिक राज्यों पर है। जैसे-मुम्बई उच्च न्यायालय, कोलकाता उच्च न्यायालय, गुवाहाटी उच्च न्यायालय, केरल उच्च न्यायालय, मद्रास उच्च न्यायालय, पंजाब उच्च न्यायालय, हरियाणा उच्च न्यायालय।

**85. पंचायत समिति के सदस्यों को-**
(a) खण्ड विकास अधिकारी मनोनीत करते है
(b) जिला पंचायत के अध्यक्ष मनोनीत करते है
(c) जनता प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित करती है
(d) ग्राम पंचायत के सदस्य अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित करते है

**Ans. (c) :** पंचायत समिति के सदस्यों को जनता प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित करती है। 73वें संविधान संशोधन अधि. 1992 द्वारा पंचायतों को तथा 74वें संविधान संशोधन अधि. 1992 के द्वारा नगर पालिकाओ को संवैधानिक स्वरूप प्रदान किया गया है।

**86. भारत का वर्तमान लोकपाल कौन है?**
(a) न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा
(b) न्यायमूर्ति वी. वी. ललित
(c) न्यायमूर्ति मार्कन्डेय काटजू
(d) उपरोक्त में कोई नही

**Ans. (d) :** संसद में पहला लोकपाल विधेयक वर्ष 1968 ई. में चौथी लोक सभा में प्रस्तुत किया गया था जहाँ यह 1969 ई. में पारित हुआ। परन्तु राज्यसभा में लम्बित रहने की स्थिति में ही चौथी लोक सभा विघटित होने के कारण यह विधेयक समाप्त हो गया। फिर यह विधेयक 2013 में राज्यसभा में पारित किया गया और भारत के प्रथम लोकपाल पी.सी. घोष को नियुक्त किया गया।

GET IT ON Google Play

**87. भारत में अन्तर्राज्य परिषद की स्थापना कब हुई?**
(a) 1987 (b) 1989
(c) 1990 (d) 1992

**Ans. (c) :** भारत में अन्तर्राज्यीय परिषद एक अस्थायी संवैधानिक संस्था है जिसका गठन राष्ट्रपतीय आदेश के आधार पर अनुच्छेद 263 के तहत् 28 मई, 1990 को किया गया था।
इसका गठन सरकारिया आयोग की सिफारिश पर किया गया।
इसका गठन केन्द्र तथा राज्य/राज्यों के मध्य किसी राजनीतिक विवाद के समाधान हेतु किया गया है।
इसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं।

**88. धन-विधेयक संसद के किस सदन में प्रस्तुत किया जाता है-**
(a) राज्यसभा (b) लोकसभा
(c) संसद के संयुक्त अधिवेशन में (d) उपरोक्त में कोई नही

**Ans. (b) :** धन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया जाता है। धन विधेयक लोकसभा में पारित हो जाने के पश्चात राज्य सभा को उसकी सिफारिशों के लिए परेषित किया जाता है जिसे राज्य सभा मात्र अधिकतम 14 दिनों तक ही रोक सकती है।

**89. निम्न में कौन सा अनुच्छेद संविधान में विदेश नीति का उल्लेख करता है-**
(a) अनुच्छेद 380 (b) अनुच्छेद 312
(c) अनुच्छेद 60 (d) अनुच्छेद 51

**Ans. (d) :** अनु. 51 अन्तर्राष्ट्रीय शांति सुरक्षा सम्बन्धी निदेशक तत्व के बारे में है। इसके अन्तर्गत राज्य अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अधोलिखित आदर्शो को प्राप्त करने के लिए कार्य करेगा। अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में वृद्धि, राष्ट्रों के बीच न्याय और सम्मानपूर्ण सम्बन्ध बनाए रखना आदि।

**90. नीति आयोग का अध्यक्ष कौन है**
(a) राजीव कुमार (b) नरेन्द्र मोदी
(c) राजनाथ सिंह (d) अमित शाह

**Ans. (b) :** नीति आयोग को राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था भी कहा जाता है। इसका गठन 1 जनवरी, 2015 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के एक संकल्प के माध्यम से किया गया था। नीति आयोग भारत सरकार के लिए कार्यनीतिक और दीर्घकालिक नीतियों और कार्यक्रमों को अभिकल्पित करने के साथ-साथ केन्द्र और राज्यों को प्रासंगिक तकनीकि सलाह भी प्रदान करता है।
नीति आयोग की शासी परिषद् के अध्यक्ष प्रधानमंत्री हैं और इसमें सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और संघ राज्य-क्षेत्रों के उपराज्यपाल शामिल हैं।

**91. एक राज्य में जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है?**
(a) मुख्यमंत्री
(b) राज्यपाल
(c) विधान सभा का सभापति
(d) विधान परिषद का सभापति

**Ans. (b) :** जिला न्यायधीशों की नियुक्ति के बारे में प्रावधान अनु. 233 में दिया गया है। इसमें कहा गया है कि किसी राज्य में जिला न्यायधीश की नियुक्ति, पदस्थापन तथा प्रोन्नति उस राज्य के राज्यपाल द्वारा उस राज्य के न्यायालय से परामर्श के पश्चात किया जायेगा।

**92. 'सार्क' (दक्षेस) की औपचारिक रूप से स्थापना कब हुई?**
(a) दिसम्बर 1980 (b) अगस्त 1983
(c) दिसम्बर 1985 (d) जुलाई 1987

**Ans. (c) :** दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (South Asian Association for Reginal Cooperation-SAARC) दक्षिण एशिया के 8 देशों का आर्थिक और राजनीतिक संगठन है। इसकी स्थापना 8 दिसम्बर 1985 को हुई। इसके संस्थापक सदस्यों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, मालद्वीव और भूटान थे। 2007 ई. में अफगानिस्तान को शामिल किया गया।

**93. संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के समय इसके प्रारंभिक सदस्य राज्यों की संख्या क्या थी-**
(a) 48 (b) 49
(c) 50 (d) 51

**Ans. (d) :** संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 ई. को संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिकार-पत्र पर 51 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ हुई। इसकी संरचना में सुरक्षा परिषद वाले सबसे शक्तिशाली देश (अमेरिका, फ्रांस, रूस और ब्रिटेन) द्वितीय विश्व युद्ध में बहुत अहम देश थे।

**94. युनेस्को का मुख्यालय कहाँ है?**
(a) लंदन (b) पेरिस
(c) रोम (d) न्यूयार्क

**Ans. (b) :** यूनेस्को का मुख्यालय फ्राँस की राजधानी पेरिस में है। यूनेस्को विश्व विरासत स्थल ऐसे खास स्थानों (जैसे वन क्षेत्र, पर्वत, झील, मरूस्थल, स्मारक, भवन या शहर इत्यादि) को कहा जाता है पूरे विश्व में अभी तक 830 स्थलों को विश्व विरासत घोषित किया जा चुका है।

**95. निम्न में किस देश से भारत ने 1992 में पूर्ण कूटनीतिक सम्बन्ध स्थापित किया-**
(a) ताइवान (b) दक्षिणी कोरिया
(c) दक्षिणी अफ्रीका (d) इजराइल

**Ans. (d) :** भारतीय राजनीति के विदेश सम्बन्ध के अन्तर्गत भारतीय प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के शासनकाल में 1992 ई. में पूर्ण कूटनीतिक सम्बन्ध इज़्राइल के साथ स्थापित किया गया था।

**96. निम्न में किसे भंग नही किया जा सकता, पर समाप्त किया जा सकता है-**
(a) लोकसभा (b) राज्यसभा
(c) राज्य विधान सभा (d) राज्य विधान परिषद

**Ans. (d) :** लोकसभा एवं राज्य की विधान सभाओं को भंग किया जा सकता है लेकिन समाप्त नहीं किया जा सकता है। राज्य सभा को न तो भंग किया जा सकता है और न ही समाप्त किया जा सकता है। जब कि राज्य की विधान परिषदों को यद्यपि भंग नहीं किया जा सकता है तथापि अनु. 169 के तहत संसद इसे समाप्त कर सकती है।

**97. अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना कब हुई-**
(a) 1919 (b) 1920
(c) 1921 (d) 1922

**Ans. (a) :** अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना 1919 ई. में हुई थी। इसका मुख्यालय स्विटजरलैण्ड की राज्यधानी जेनेवा में है। इसकी सदस्य संख्या 187 है। संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 सदस्यों में से 186 सदस्य इसके सदस्य हैं। कुक द्वीप समूह एक ऐसा सदस्य है जो संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य नहीं है।

**98. निम्न में कौन संवैधानिक संस्था नही है-**
(a) संघ लोकसेवा आयोग (b) राज्य लोकसेवा आयोग
(c) वित्त आयोग (d) नीति आयोग

**Ans. (d) :** नीति आयोग (NITI Aayog - National Institution for transforming India) भारत सरकार का एक ऐसा नीति निर्धारक संस्थान है जो टिकाऊ विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कार्य करता है।
इसकी स्थापना 1 जनवरी, 2015 को भारत सरकार द्वारा की गई थी।
इसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।
इसके उपाध्यक्ष का मनोनयन प्रधानमंत्री करता है।
वर्तमान उपाध्यक्ष राजीव कुमार है।
मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत हैं।

**99. अन्तर्राष्ट्रीय सन्धियों को कार्यान्वित करने के लिये संसद सम्पूर्ण देश या भारत के कुछ राज्यों के लिये कोई भी कानून बना सकती है यदि-**
(a) सभी राज्य सहमत हो
(b) कुछ राज्य सहमत हो
(c) सम्बन्धित राज्य सहमत हो
(d) किसी भी राज्य की सहमति के बिना

**Ans. (d) :** अन्तर्राष्ट्रीय सन्धियों को कार्यान्वित करने के लिए संसद सम्पूर्ण देश या भारत के कुछ राज्यों के लिए कोई भी कानून बना सकती है। इसके लिए संसद को किसी भी राज्य की सलाह की आवश्यकता नहीं है।

**100. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्न में कौनसी भाषा सम्मिलित नहीं है-**
(a) हिन्दी (b) अंग्रेजी
(c) संस्कृत (d) संथाली

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान की आठवी अनुसूची में अंग्रेजी भाषा का उल्लेख नहीं किया गया है। संविधान के आरंभ में केवल 14 भाषाओं को राजकीय भाषा का दर्जा प्राप्त था। वर्तमान समय में 22 भाषाओं को संविधान में अनु. 344 के तहत मान्यता प्राप्त है।

**101. भारतीय संविधान को संविधान सभा ने कब अंगीकृत किया-**
(a) 15 अगस्त 1947 (b) 16 अगस्त 1948
(c) 26 नवम्बर 1949 (d) 26 जनवरी 1950

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा 26 नवबंर 1949 को स्वीकृत हुआ और प्रस्तावना की भाषा में संप्रभुत्व सम्पन्न लोकतंत्रात्मक भारतीय गणराज्य के संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मर्पित किया गया।

**102. भारतीय संविधान के कौन से अनुच्छेद 'समानता के अधिकार' को गांरटी देते है-**
(a) अनु. 12 से अनु. 18 (b) अनु. 14 से अनु. 18
(c) अनु. 13 से अनु. 18 (d) अनु. 14 से अनु. 20

**Ans. (b) :** समानता का अधिकार भारतीय संविधान के भाग तीन अनुच्छेद 14, 15, 16, 17, 18 के अन्तर्गत समाहित है। अनुच्छेद 13 मूल अधिकारों से असंगत या उनका अल्पीकरण करने वाली विधियों के मूल अधिकारों के उल्लंखन की मात्रा तक शून्य होने से सम्बन्धित है।

**103. भारत में उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है-**
(a) राज्यपाल
(b) सम्बन्धित राज्य का मुख्यमन्त्री
(c) भारत का राष्ट्रपति
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

**Ans. (c) :** भारत में उच्च न्यायालयों में न्यायधीशों की नियुक्ति भारत का राष्ट्रपति करता है। अनुच्छेद 143(1) के अन्तर्गत राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय से परामर्श हेतु विषयों को प्रेषित करता है और सलाह मांगता है। इसी अनुच्छेद के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय से प्रश्नगत परामर्श हेतु अभिदेशन किया गया था।

**104. संसदात्मक सरकार की निम्न में कौन विशेषता नहीं है-**
(a) नाममात्र का अध्यक्ष
(b) कार्यपालिका का निश्चित कार्यकाल
(c) व्यवस्थापिका व कार्यपालिका में घनिष्ठ सम्बन्ध
(d) कार्यपालिका का सामूहिक उत्तरदायित्व

**Ans. (b) :** संसदात्मक सरकार में कार्यापालिका का निश्चित कार्यकाल नहीं होता है। अनु. 85(2) (ख) के अनुसार लोकसभा को कार्यकाल पूरा होने से पहले भंग किया जा सकता है। ऐसा प्रधानमंत्री (मंत्रिपरिषद) की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।

**105. निम्न में किन देशो के मध्य फरक्का विवाद है-**
(a) भारत- बाग्लादेश (b) भारत- चीन
(c) भारत- मालद्वीप (d) भारत- नेपाल

**Ans. (a) :** फरक्का विवाद भारत एवं बाग्लादेश के बीच है। फरक्का बांध का निर्माण 1975 ई. में हुगली नदी में सिल्ट के जमाव को रोकने के उद्देश्य से किया गया था। जिसका बांग्लादेश के विरोध किया था।

**106. निम्न में किस कानून द्वारा ईस्ट इंडिया कम्पनी से सत्ता ब्रिटिश साम्राज्य को हस्तान्तरित कर दी गई-**
(a) भारत सरकार अधिनियम, 1858
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1861
(c) रॉयल टाइटिल्स एक्ट, 1876
(d) इंडियन काउन्सिल्स एक्ट, 1892

**Ans. (a) :** 1858 ई. में एक्ट फार द बेटर गवर्नमेंट आफ इण्डिया नाम से पारित किया गया। इसके द्वारा भारत में कम्पनी का शासन समाप्त कर सम्राट के हाथ में सौंप दिया गया। बोर्ड आफ डाइरेक्टर तथा बोर्ड आफ कन्ट्रोल को समाप्त कर दिया गया।

**107. किस संविधान संशोधन द्वारा मन्त्रिपरिषद में कुल मन्त्रियों की संख्या लोकसभा के कुल सदस्यों के 15% तक सीमित कर दी गई है-**
(a) 89वॉ संशोधन (b) 90वॉ संशोधन
(c) 91वॉ संशोधन (d) 92वॉ संशोधन

**Ans. (c) :** 91वॉ संविधान संशोधन 2003 द्वारा अब केन्द्र एवं राज्य दोनों में मंत्रिपरिषद की सदस्य संख्या लोकसभा तथा विधान सभा की कुछ सदस्य संख्या का 15% से अधिक नहीं होगी। किन्तु जहाँ सदन की संख्या 40 या उससे कम है वहाँ अधिकतम 12 होगी।

**108. भारत में किसी राज्य के राज्यपाल-**
(a) निर्वाचित होते है (b) चयनित होते है
(c) मनोनीत होते है (d) नियुक्त होते है

**Ans. (d) :** संविधान के अनु. 155 के तहत राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति की जाती है। वस्तुतः राष्ट्रपति उस व्यक्ति को किसी राज्य का राज्यपाल नियुक्ति करता है जिसे केन्द्र सरकार द्वारा नामांकित किया जाता हैं। अतः राज्यपाल केन्द्र के नाम से निर्देशित होता है।

Adda247 GET IT ON Google Play

**109. निम्न में कौन भारत के राष्ट्रपति के विशेषाधिकार है-**
(a) लोकसभा को भंग करना
(b) प्रधानमन्त्री की नियुक्ति
(c) संसद के संयुक्त अधिवेशन को सम्बोधित करना
(d) उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** राष्ट्रपति के विशेषाधिकार- लोक सभा को भंग करना, नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति करना एवं शपथ दिलाना, संसद के संयुक्त अधिवेशन को सम्बोधित करना एवं आपातकाल लागू करना, संसद को विघटित करना आदि।

**110. निम्न में से किसे डॉ अम्बेडकर ने संविधान के 'हृदय व आत्मा' की संज्ञा दी-**
(a) समानता का अधिकार
(b) शोषण के विरूद्ध अधिकार
(c) धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार
(d) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

**Ans. (d) :** डा. बी. आर. अम्बेडकर ने अनु. 32 अर्थात संवैधानिक उपचारों के अधिकार को संविधान में कौन सा विशेष अनु. सबसे महत्वपूर्ण है जिसके बिना यह संविधान शून्य हो जायेगा तो मैं इसके सिवाए किसी दूसरे अनु. का नाम नहीं लूगां।

**111. सती-प्रथा उन्मूलन के लिये किसने दृढ़ता से वकालत की?**
(a) राजा राममोहन राय (b) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(c) देवेन्द्र नाथ टैंगोर (d) उपरोक्त में कोई नही

**Ans. (a) :** राजाराम मोहन राय ने सती प्रथा उन्मूलन के लिए दृढ़ता से वकालत की थी। इन्होंने सती प्रथा का घोर विरोध संवाद कौमुदी के माध्यम से किया था। विलियम वेंटिंग को 1829 ई. में सती प्रथा विरोधी कानून बनाने में सहयोग किया था।

**112. भारतीय संसद में कौन-कौन सम्मिलित है-**
(a) राज्यसभा
(b) लोकसभा
(c) लोकसभा व राज्यसभा
(d) भारत का राष्ट्रपति, लोकसभा व राज्यसभा

**Ans. (d) :** भारतीय संविधान के अनु. 79 के अनुसार भारत की संसद राष्ट्रपति और दोनों सदन (लोक सभा एवं राज्य सभा) से मिलकर बनेगी। साथ ही अनु. 111 के अनुसार संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयक राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद ही कानून का रूप लेता है।

**113. एक संसदात्मक सरकार में-**
(a) व्यवस्थापिका कार्यपालिका के प्रति उत्तरदायी होती है
(b) कार्यपालिका व्यवस्थापिका के प्रति उत्तरदायी होती है
(c) न्यायपालिका कार्यपालिका के प्रति उत्तरदायी होती है
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

**Ans. (b) :** भारत में संसदात्मक शासन प्रणाली अपनायी गयी है। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में कार्यपालिका, विधायिका के अधीन रहकर कार्य करती है क्योंकि राजनीतिक कार्यपालिका का गठन विधायिका के सदस्यों में से होता है और कार्यपालिका सामूहिक रूप से विधायिका को प्रति उत्तरदायी होती है।

**114. ब्रह्म समाज का संस्थापक कौन था?**
(a) राम मोहन राय (b) रवीन्द्र नाथ टैगोर
(c) दयानन्द सरस्वती (d) स्वामी विवेकानन्द

**Ans. (a) :** ब्रह्म समाज की स्थापना राजाराम मोहन राय ने 1828 ई. में की थी। राजाराम मोहन राय को आधुनिक भारत का पिता नव जागरण का अग्रदूत भारतीय राष्ट्रवाद का जनक सुधार आन्दोलन के प्रवर्तक आदि उपाधियों से नवाजा गया है।

**115. भारतीय संविधान में न्यायिक- पुनर्निरीक्षण निम्न में किस पर आधारित है-**
(a) विधि की सम्यक प्रक्रिया
(b) विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया
(c) कानून के शासन
(d) परम्पराओं (अभिसमयों)

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान में न्यायिक पुनराविलोकन की व्यवस्था संविधानिक कानून की व्याख्या तक ही सीमित रखी गई है। कानून की उचित प्रक्रिया के स्थान पर वह कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया को स्वीकार कर उच्चतम न्यायालय को संविधान के अनुरूप ही कार्य करने को बाध्य किया गया।

**116. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का प्रथम अधिवेशन कहाँ सम्पन्न हुआ था-**
(a) बम्बई (b) मद्रास
(c) पूना (d) कलकत्ता

**Ans. (a) :** भारतीय राष्ट्रपति कांग्रेस की स्थापना 1885 ई. में बम्बई में हुआ था। इसकी प्रथम बैठक 28 दिसम्बर 1885 में तेजपाल संस्कृत विद्यालय बम्बई में हुआ। इसके प्रथम अध्यक्ष W.C बैनर्जी थे नौरोजी के सुझाव पर इसका नाम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस रखा गया था।

**117. 'वर्नाकुलर प्रेस कानून' किसने प्रस्तावित किया?**
(a) लार्ड रिपन (b) लार्ड लिटन
(c) लार्ड कर्जन (d) लार्ड हेस्टिंग्स

**Ans. (b) :** वर्नाकुलर प्रेस एक्ट 1878 ई. में लार्ड लिटन के कार्यकाल में (1876-80) में पारित हुआ था। इस अधि. को मुँह बन्द करने वाला अधिनियम कहा गया था। इस अधि. के द्वारा देशी तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों में भेद-भाव किया गया था।

**118. मुस्लिम लीग ने 'सीधी कार्यवाही दिवस' कब मनाया?**
(a) 12 अगस्त 1942 (b) 16 अगस्त 1943
(c) 16 अगस्त 1946 (d) 14 अगस्त 1947

**Ans. (c) :** 16 अगस्त 1946 ई. की तिथि मुस्लिम लीग द्वारा सीधी कार्यवाही दिवस हेतु सुनिश्चित की गयी थी। वायसराय के अंतरिम सरकार के फैसले को नामंजूर करते हुए मुस्लिम लीग वे स्वतन्त्र एवं सम्पूर्ण प्रभुता सम्पन्न पाकिस्तान राज्य की स्थापना की मांग की।

**119. बन्दी-जीवन पुस्तक का लेखक कौन है-**
(a) दीन बन्धु मित्रा (b) अतुल प्रसाद सेन
(c) राम प्रसाद बिस्मिल (d) सचीन्द्र नाथ सान्याल

**Ans. (d) :** बन्दी जीवन के पुस्तक के लेखक सचीन्द्रनाथ सान्याल हैं। बन्दी जीवन पुस्तक को क्रान्तियों की बाइबिल मानी जाती है। इनको आजीवन काले पानी सजा हुई थी। काकोरी षणयन्त्र केस में भी इनको आजीवन कारावास हुआ था।

**120. 'गदर पार्टी' की स्थापना किसने की?**
(a) लाला हरदयाल (b) रामचन्द्र
(c) बीकाजी कामा (d) चन्द्र शेखर आजाद

**Ans. (a) :** पंजाब के प्रमुख क्राँतिकारी लाला हर दयाल अंग्रेजों के उत्पीड़न से पीड़ित होकर 1911 ई. में अमेरिका चले गये। यहाँ पर सोहन सिंह भाकना के सुझाव पर गदर पार्टी की स्थापना किया गदर पार्टी पराधीन भारत को अंग्रेजों से स्वतन्त्र कराने के उद्देश्य से बना एक संगठन था।